# बिहार सरकार
# डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग
# (अभियंत्रण कोषांग)
# विकास भवन, नया सचिवालय,
# बिहार, पटना।

**दिनांक–27/01/2026 को पथ निर्माण विभाग के पत्रांक–6228 (S) दिनांक–30.12.2021 के प्रचलित BPWD प्रावधान के अनुसार पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना का आदेश सह–पठित ज्ञापांक–3523, दिनांक–26.07.2024 एवं पत्रांक–964, दिनांक– 30.07.2024 के आलोक में गठित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।**

---

**1. उपस्थिति :–**

(i) श्री ब्रज कुमार ओझा, मुख्य अभियन्ता, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना।– **अध्यक्ष**

(ii) श्री रामानन्द महतो, अधीक्षण अभियन्ता, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना।– **सदस्य**

(iii)श्री अनिल कुमार, कार्यपालक अभियन्ता, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना।– **सदस्य**

**2. निविदा के सम्बन्ध में विवरणी निम्नवत् है :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction Of Administrative Building, Guest House, Conference Hall & Development of Campus for Bihar Veterinary Council at Patna. (Tender Id-119188) |
| 2.2 | परिक्षेत्र का नाम | : | पटना। |
| 2.3 | मूल प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | रू० 2768.08/–लाख विभागीय पत्रांक–2696, दिनांक–18.06.2025 में समावेशित। |
| 2.4 | निविदा की राशि | : | Rs.20,46,05,168.00 |
| 2.5 | निविदा की प्रक्रिया (e-tender) | : | e-proc2.0 |
| 2.6 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | : | 16-12-2025 |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 15 माह |
| 2.8 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | चार अदद् निविदाकार यथा |
| **(i)** | M/S BIRAMPUR CONSTRUCTION PVT. LTD. Prop:-Nilesh Kumar<br>Add:- Flat No-205, Nilgiri Bhawan, West Boring Canal Road, Patna, Bihar-800001 | (ii) | SANJEEV KUMAR<br>Add:-Kadhauna, Sighaura, Wazirganj, Gaya, Bihar-805131 |
| **(iii)** | MBL-SSL(JV) of Shashikant Singh Infratech Private Limited<br>Add:- 1st Floor, Veer Basawan Singh Nagar, Bihar Vatnery College, Rukanpura, Patna-800014. & Madan Lal Bajaj Pvt. Ltd, Add:- Dumka Road, Jamtara, Dist-Jamtara (Jharkhand-815351). | (iv) | SWARAJYA KUMAR SHANDILYA<br>Add:-101 Lal Bahadur Kunj Shekhpura Near Karpuri Bhawan Phulwari Patna-800014 |
| 2.9 | परिवाद की स्थिति | : | अप्राप्त। |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | हाँ। (प्रथम बार NIT No-SBD/21/2025-26 दिनांक–04.09.2025 से आमंत्रित निविदा में प्राप्त बीड्स के तकनीकी मूल्यांकन में एकल बीड Technically Responsive पाये जाने के कारण पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया है।) |

3. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की समीक्षाः–**

प्रश्नगत् निविदा में चार अद्द निविदाकारों यथा (दो प्राईवेट कंपनियाँ, एक Joint Venture एवं एक Proprietorship) द्वारा भाग लिया गया है। निविदाकारों द्वारा निविदा आमत्रण सूचना एवं SBD के ITB के आलोक में अपलोडेड कागजातों को दृष्टिपथ में रखते हुए उनके तकनीकी बीड्स का मूल्यांकन किया गया है। तकनीकी बीड्स की तुलनात्मक विवरणी में वांछित Eligibility Criteria (वांछित अर्हता) तथा निविदाकारों के कार्य अनुभव एवं अन्य Credentials का उल्लेख है।

3.1 निविदाकार M/S BIRAMPUR CONSTRUCTION PVT. LTD के द्वारा अपलोडेड Qualification Information संबंधित कागजात NIT की शर्त्तों एवं SBD के ITB की 4.5A एंव संबंधित उपकंडिकाओं में वर्णित Eligibility Criteria को पूरा करते हैं, अतएव तकनीकी मूल्यांकन में इनके बीड को Technically Responsive पाया गया है।

3.2 निविदाकार SANJEEV KUMAR के द्वारा अपलोडेड Qualification Information संबंधित कागजात NIT की कंडिका–21.9 एवं SBD के ITB की 4.5A(b) में वर्णित Similar Nature of Completed Work के Eligibility Criteria को पूरा नहीं करते हैं एवं ITB 4.5B(a) के आलोक में Tools & Plants के संबंधित कागजात Audited Schedule for Assets में उल्लिखित नहीं है। अतएव तकनीकी मूल्यांकन में इनके बीड को Technically Nonresponsive पाया गया है।

3.3 प्रश्नगत निविदा आमंत्रण में Joint Venture निविदाकार के रूप में MBL-SSL(JV) द्वारा भाग लिया गया है जिसमें Shashikant Singh Infratech Private Limited (Lead Member) एवं Madan Lal Bajaj Pvt. Ltd (Other Member) हैं। JV के दोनों Partners यानि Pvt. Ltd. कम्पनियों के Qualification Information के आधार पर SBD के ITB 4.4 के क्रम में पथ निर्माण विभाग के पत्रांक–8131(s), दिनांक–24.07.2012 की कंडिका 5.1 & 5.2 के द्वारा JV के Partners के Eligibility Criteria के लिए निर्धारित मापदंड/प्रावधानों के आलोक में Lead Partner एवं remaining partner के रूप में uploaded qualification संबंधित कागजात का तकनीकी मूल्यांकन किया गया है। MBL-SSL(JV) Joint Venture के रूप में SBD के JV की मार्गदर्शी शर्त्तों के आलोक में वांछित Eligibility Criteria को पूरा करते हैं। अतएव तकनीकी मूल्यांकन में JV निविदाकार के बीड को Technically Responsive पाया गया है।

3.4 निविदाकार SWARAJYA KUMAR SHANDILYA के द्वारा अपलोडेड Qualification Information संबंधित कागजात NIT की शर्त्तों एवं SBD के ITB की 4.5A एंव संबंधित उपकंडिकाओं में वर्णित Eligibility Criteria को पूरा करते हैं, अतएव तकनीकी मूल्यांकन में इनके बीड को Technically Responsive पाया गया है।

4. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–**

उपरोक्त समीक्षात्मक तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिया जाता है:–

4.1 पटना जिला अन्तर्गत Construction of Administrative Building, Guest House, Conference Hall & Development of Campus for Bihar Veterinary Council at Patna. (Tender Id- 119188) के

कार्य के लिए प्राप्त चार निविदाकारों में से तीनों निविदाकारों यथा (i) M/S BIRAMPUR CONSTRUCTION PVT. LTD (ii) SWARAJYA KUMAR SHANDILYA तथा (iii) MBL-SSL(JV) के बीड्स को Technically Responsive घोषित किया जाता है। एवं शेष एक निविदाकार SANJEEV KUMAR के बीड को Technically Nonresponsive घोषित किया जाता है।

4.2 पथ निर्माण विभाग के आदेश–141 सह–पठित ज्ञापांक–5355(S) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकारा का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीडों की तुलनात्मक विवरणी निविदा निष्पादनार्थ सक्षम प्राधिकार के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया जाता है, वशर्तें उक्त संदर्भित पथ निर्माण विभाग के निर्देश के अनुसार निर्धारित अवधि में यथा उक्त फलाफल अपलोड होने के दो कार्य दिवस के अन्दर में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

**4.3** तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही को विभागीय Website पर प्रदर्शित करने के साथ–साथ निविदा में शामिल निविदाकारों को e-mail के माध्यम से संसूचित किया जाय।

| | | |
|---|---|---|
| ह०/– | ह०/– | ह०/– |
| **(अनिल कुमार)** | **(रामानन्द महतो)** | **(ब्रज कुमार ओझा)** |
| सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष |
| कार्यपालक अभियन्ता | अधीक्षण अभियंता | मुख्य अभियन्ता |
| डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना। | डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना। | डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना। |

**ज्ञापांक......................** **पटना–15** **दिनांक–............../............/2026.**

**प्रतिलिपिः–** निदेशक (पशुपालन), डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को अवलोकनार्थ एवं सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–

**मुख्य अभियन्ता।**

**ज्ञापांक......................** **पटना–15** **दिनांक–............../.........../2026.**

**प्रतिलिपिः–** सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह०/–**

**मुख्य अभियन्ता।**

**ज्ञापांक.......54.......** **पटना–15** **दिनांक–.....27..../....01..../2026.**

**प्रतिलिपिः–** आई०टी० मैनेजर, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

27/01/2026

**मुख्य अभियन्ता।**